Literacy for a Billion

Movie: Neela Akash
Year: 1965

Song: Tere Pass Aake
Lyricist: R M Ali Khan

तेरे पास आके
मेरा वक़्त गुज़र जाता है
तेरे पास आके
मेरा वक़्त गुज़र जाता है
दो घड़ी के लिए
ग़म जाने किधर जाता है
जब कभी दूर से तू
मुझको नज़र आता है
प्यार हँसकर मेरी आँखों में
सँवर जाता है
तेरे पास आके
मेरा वक़्त गुज़र जाता है
तू वही है जिसे
इस दिल ने सदाएँ दी हैं
तू वही है जिसे
इस दिल ने सदाएँ दी हैं
तू वही है जिसे
नज़रों ने दुआएँ दी हैं
तू वही है कि जो
दिल लेके मुकर जाता है
दो घड़ी के लिए
ग़म जाने किधर जाता है
तेरे पास आके
मेरा वक़्त गुज़र जाता है
जाम इतने तेरी मस्ती भरी
आँखों से पीए

हाँ ...
जाम इतने तेरी मस्ती भरी
आँखों से पीए
बेखुदी में तुझे सजदे
मेरी नज़रों ने कीए
तेरे जलवों में खुदा मुझको
नज़र आता है
प्यार हँसकर मेरी आँखों में
सँवर जाता है
तेरे पास आके
मेरा वक़्त गुज़र जाता है
तेरी याद आते ही
घबराके चली आती हूँ
तेरी याद आते ही
घबराके चली आती हूँ
मैं हर इक क़ैद को
ठुकराके चली आती हूँ
मैं नहीं आती
मुझे प्यार इधर लाता है
प्यार हँसकर मेरी आँखों में
सँवर जाता है
दो घड़ी के लिए
ग़म जाने किधर जाता है

तेरे पास आके
मेरा वक़्त गुज़र जाता है

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.